बिहार लोक सेवा आयोग
15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001

56वीं से 59वीं सम्मिलित संयुक्त (मुख्य) प्रतियोगिता परीक्षा के अन्तर्गत दिनांक 15.07.2016 को द्वितीय पाली में सम्पन्न इतिहास द्वितीय पत्र की परीक्षा रद्द करने के सम्बन्ध में आवश्यक सूचना

56वीं से 59वीं सम्मिलित संयुक्त (मुख्य) प्रतियोगिता परीक्षा के अन्तर्गत इतिहास द्वितीय पत्र की परीक्षा दिनांक 15.07.2016 को द्वितीय पाली में 2.00 बजे अपराह्न से 5.00 बजे अपराह्न तक पटना अवस्थित कुल 39 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की गयी थी।

2. तकनीकी कारणों से आयोग द्वारा इतिहास द्वितीय पत्र की परीक्षा को रद्द करने का निर्णय लिया गया है। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया है कि उक्त विषय की पुनर्परीक्षा ली जाए।

3. तदालोक में दिनांक 15.07.2016 को इतिहास द्वितीय पत्र के 39 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित परीक्षा में उपस्थित सभी उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि उक्त विषय की लिखित पुनर्परीक्षा में वही उम्मीदवार भाग ले सकते हैं जो दिनांक 15.07.2016 को सम्पन्न इतिहास द्वितीय पत्र की परीक्षा में उपस्थित हुए थे।

4. पुनर्परीक्षा की संभावित तिथि 13 नवम्बर, 2016 है। यदि परिस्थितिवश अपेक्षित हुआ तो परीक्षा की तिथि में परिवर्तन हो सकता है। पुनर्परीक्षा कार्यक्रम की सूचना बाद में समाचार पत्रों में एवं आयोग के वेबसाईट पर प्रकाशित की जायगी।

5. उपर्युक्त सूचना आयोग के वेबसाईट http://bpsc.bih.nic.in पर भी उपलब्ध है।

2.2/9/2016

अपर सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना